अयोध्या में श्रीराम मंदिर की आंतरिक व्यवस्था देखने वाले एसआईटी के रडार पर, टिन्नू यादव की तरह कुछ पुराने कर्मचारियों की बनी लिस्ट

कई बार डिलीट की फुटेज, डीबीआर जांच को भेजी

चढ़ावा प्रकरण

अयोध्या, संवाददाता। रामगंदिर में चढ़ावे की रकम में कथित हेराफेरी मामले की जांच में जो सबसे महत्वपूर्ण बात निकलकर आई है, वह यह है कि नोटों के गिनती वाले कमरे में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग को एक बार नहीं कई बार डिलीट किया गया है। जांच अधिकारियों ने सीसीटीवी के डीबीआर को जांच के लिए दिल्ली के प्रयोगशाला में भेज दिया है। वहां एक्सपर्ट यह पता लगाएंगे कि कब-कब डाटा डिलीट किया गया है। मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुरानी फाइल को रिकवर किया जाएगा और उसे साक्ष्य के रूप में रखा जाएगा।

सोशल मीडिया पर अपने को राम जन्मभूमि परिसर का पूर्व लेखाकार बताकर महिपाल ने दान के रुपयों की बड़े पैमाने पर चोरी का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि उनके कार्यकाल में सीसीटीवी कैमरे से आठ महीने का डाटा डिलीट किया गया था। इस कथित संगीन आरोप के बाद तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। सूत्र बताते हैं कि जांच प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों ने गणना कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो उन्हें शक हुआ कि शायद अभी कुछ दिन पहले भी रिकॉर्डिंग को डिलीट किया गया है। कुछ वर्षों के भीतर यह प्रक्रिया कई बार तो नहीं अपनाई गई। इसकी पुष्टि के लिए उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के लगे डीबीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) को दिल्ली स्थित लैब में भेजा है। सूत्र बताते हैं कि सीसीटीवी लगाने वाले लोगों से भी अधिकारियों ने कई घंटे पूछताछ की है। उनसे यह जाना गया है कि उन्होंने सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग को डिलीट किया या नहीं। हालांकि पूछे गए प्रश्नों के जवाब की जानकारी नहीं मिल सकी है। अधिकारियों ने दूसरे दिन राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू से काफी देर पूछताछ की है। पूरे बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है।

पुजारियों से भी पूछताछ की गई

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में पदाधिकारियों की जिम्मेदारी को दो भागों में बांटा गया था। पहली आंतरिक और दूसरी बाहरी। आंतरिक जिम्मेदारी में गोपाल राय, डॉ. अनिल मिश्रा बताए जा रहे हैं। महासचिव चंपत राय बाहरी मामलों में हस्तक्षेप करते थे, इसलिए गोपाल राय और अनिल मिश्रा की बड़ी जिम्मेदारी मानी जा रही है। सूत्र बताते हैं कि एसआईटी की जांच का सामना इन दोनों को सर्वाधिक करना पड़ेगा। गोपाल राय से अधिकारी कुछ पूछताछ कर चुके हैं आने वाले दिनों में और करेंगे।

जल्द अमीर बने कर्मियों की लिस्ट

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू वार साल के भीतर काफी अमीर हो गए। सूत्र बताते हैं कि एसआईटी को कर्मचारियों से पूछताछ के दौरान यह पता चला है कि वार साल के भीतर कई लोग की तनख्वाह के विपरीत रहन-सहन बदला है। इस तरह के लगभग आधा दर्जन लोगों की लिस्ट बनाई गई है। महिपाल ने सोशल मीडिया पर टिन्नू यादव का नाम ले लिया इसलिए इनकी वर्चा सर्वाधिक हो गई। जबकि कई अन्य कर्मचारी और भी हैं जिनका रहन-सहन काफी ज्यादा बदल गया है।

भूमि की खरीद-फरोख्त में भी हो सकती है पूछताछ

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट बनने के बाद से कितनी भूमि खरीदी गई इसका लेखा-जोखा एसआईटी ने जब्त कर लिया है। सूत्र बताते हैं कि जमीन की खरीद में शामिल दलाल और गवाह भी अधिकारियों के रडार पर हैं। क्योंकि पूछताछ में अधिकारियों को जानकारी मिली है कि जमीन खरीद में कई लोगों ने बीच में मोटी कमाई की है। कुछ स्थानीय निवासियों के माध्यम से ही भूमि की खरीद की गई है।

दोषियों को सजा जरूर मिलेगी: ब्रजेश पाठक

गाजियाबाद। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि चंदा चोरी के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले की जांच एसआईटी कर रही है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक केंद्र सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण कार्यक्रमों में भाग लेने गुरुवार को गाजियाबाद पहुंचे। जिला मुख्यालय में पत्रकारों के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर चंदा चोरी के मामले में सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है।

एसआईटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो: अजय

अयोध्या। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को अयोध्या पहुंचकर चढ़ावा प्रकरण और उससे जुड़े आर्थिक मामलों को लेकर भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रद्धालुओं से एकत्रित धनराशि का आज तक सार्वजनिक और पारदर्शी हिसाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर और उससे जुड़े आर्थिक लेन-देन, भूमि खरीद और चढ़ावे के मामलों में उठ रहे सवालों का जवाब जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने मांग की कि एसआईटी रिपोर्ट एक सप्ताह में सार्वजनिक करे।

कथित गबन मामले में 22 को सुनवाई

लखनऊ। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे के कथित गबन और वित्तीय अनियमिताओं को देखन दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में गुरुवार को रामय की कमी के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। गुरुवार को यह याचिका न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी।

आसपास 30s

प्रवक्ता के 13 विषयों की उत्तरकुंजी जारी

प्रयागराज। प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता भर्ती-2025 के 13 विषयों और सामान्य अध्ययन की प्रारंभिक परीक्षा की उत्तरकुंजी गुरुवार को जारी कर दी। परीक्षा निरीक्षक हृषीदेव पांडेय ने सलाह दी है कि यदि प्रश्न या उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति है तो 23 जून की शाम पांच बजे तक डाक से या स्वयं उपस्थित होकर आयोग में दर्ज कर सकते हैं। आयोग ने हिंदी, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, आर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, उर्दू, गणित, समाजशास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी विषयों की प्रारंभिक परीक्षा 14 जून को 67 जिलों के 891 केंद्रों पर कराई थी।

इयूटी से गायब चल रहे 15 पुलिसकर्मी निलंबित

पीलीभीत। जिले में पुलिस महकमे के भीतर अनुशासनहीनता और लापरवाही पर एसपी सुकीर्ति माधव ने बड़ी कार्रवाई की है। लंबे समय से बिना अनुमति और बिना किसी ठोस कारण के ड्यूटी से गायब चल रहे 15 पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित कर्मियों में तीन दारोगा, एक मुख्य आरक्षी हेड कांस्टेबल, आठ आरक्षी, एक महिला आरक्षी और दो स्वीपर शामिल हैं।

पट्टीशाह कांड में 33 आरोपी दोषी करार

फतेहपुर। 17 साल पहले पट्टीशाह में एक जुलूस में हुए खूनी संघर्ष मामले की सुनवाई गुरुवार को जिला जज सुधीर कुमार की अदालत में पूरी हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों के 33 आरोपियों को घटना के लिए दोषी ठहराया है। अदालत ने मारपीट, बलवा के केस में दोषी सभी भाइयों समेत 19 आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा और 19-19 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

दादा के सामने रोटावेटर फंसकर मासूम की मौत

शामली। बाबरी के खुनाबपुर गांव में गुरुवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। खेत की जुताई करते समय चार साल के मासूम की ट्रैक्टर और रोटावेटर के बीच में गिरने से मौत हो गई। हादसे का पता चलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है।

दुष्कर्म के आरोपी से शादी को कोर्ट की टंकी पर चढ़ी

प्रतापगढ़। गुरुवार सुबह एक युवती जनपद न्यायालय परिसर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। कुछ ही देर में अधिवक्ताओं की भीड़ जमा हो गई। न्यायिक अधिकारी भी कक्ष से बाहर निकल आए। पुलिस ने युवती से बातचीत की तो वह अपने प्रेमी से शादी कराने की मांग करने लगी। फायरब्रिगेड कर्मियों ने उसे टंकी से उतारा।

अपना आसपास

शिकंजा

प्रश्नपत्र लीक मामले में मऊ से एक बंदी

- 2024 में हुई थी परीक्षा, आरोपी दो सालों से चल रहा था फरार
- एसटीएफ ने की कार्रवाई, प्रयागराज में दर्ज है आरोपी पर मुकदमा

गिरफ्तार आरोपी आलोक मिश्रा।

मऊ, संवाददाता। समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने में एसटीएफ ने गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दो साल से फरार आरोपी पर प्रयागराज में मुकदमा दर्ज है।

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी 2023 की परीक्षा 2024 में हुई थी। परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट करने के मामले में प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में मऊ के मोहल्ला मुंशीपुरा हयात सेंटर नई बस्ती निवासी आलोक मिश्रा समेत कई पर मुकदमा दर्ज है।

पेपर लीक करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों साधुप्रकाश, विवेक उपाध्याय और कृष्णा पाण्डेय की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है जबकि आलोक दो सालों से फरार चल रहा था। एसटीएफ लखनऊ की टीम ने गुरुवार को फरार आरोपी आलोक मिश्रा को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ टीम गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अपने साथ लखनऊ के लिए ले गई।

एसटीएफ की पूछताछ में आरोपी ने उगले कई राज

एसटीएफ की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी आलोक मिश्रा ने बताया कि उसने समीक्षा अधिकारी परीक्षा 2023 का फॉर्म भरा था। साथ ही उसके बहनोई कृष्णा पाण्डेय, निवासी गाजीपुर ने भी फॉर्म भरा था। परीक्षा से करीब दो सप्ताह पहले वाराणसी में उनकी मुलाकात अमरजीत शर्मा से हुई थी। अमरजीत ने बताया था कि उसके कई साथी परीक्षाओं का पेपर आउट कराते हैं। इसलिए तुम लोग भी 12-12 लाख रुपये का इंतजाम करो। प्रारंभिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा का भी पेपर आउट करवा देंगे, नहीं तो पैसा वापस कर देंगे। नौकरी लग जाने की लालच में वह और उसका बहनोई कृष्णा पाण्डेय अमरजीत शर्मा के कहने पर तैयार हो गए थे। तीन-तीन लाख रुपये एडवांस के रूप में दिए थे।

माफिया रमेश सिंह 'काका' को एक साल का कारावास

मऊ, संवाददाता। माफिया और पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह काका को कोर्ट ने एक साल कैद की सजा सुनाई है। गोरखपुर जेल से 19 वर्ष पूर्व पेशी पर मऊ लाने के दौरान पुलिसकर्मियों को धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्णा प्रताप सिंह ने गुरुवार को कैद सुनाया। साथ ही सात हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

शहर कोतवाली में उपनिरीक्षक नेहरू प्रसाद ने 4 अप्रैल 2007 को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गोरखपुर जेल में बंद माफिया और आईआर गैंग के लीडर रमेश सिंह काका को मऊ दीवानी कचहरी एफटीसी कोर्ट में पेशी पर लाया जा रहा था। इस दौरान रमेश सिंह काका ने पुलिसकर्मियों को गाली देकर अपमानित किया था। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। इस मामले में कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभियोजन अधिकारी हरेन्द्र सिंह यादव ने कुल 5 गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्ण प्रताप सिंह की कोर्ट ने काका को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

काका पर 74 गंभीर धाराओं में दर्ज हैं मुकदमे

पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने बताया कि माफिया रमेश सिंह काका माफिया और आईआर गैंग का लीडर है। उसके खिलाफ कुल 74 गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसमें 68 मुकदमे मऊ जिले में दर्ज हैं, जबकि अन्य मुकदमे आजमगढ़, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी जिले में दर्ज हैं।

हत्या में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

आजमगढ़। हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी पर चार-चार लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने जुर्माना की अस्सी प्रतिशत धनराशि मृतक की पत्नी और बच्चों को देने का आदेश दिया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर एक अमर सिंह ने गुरुवार को सुनाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी मुकदमा हरेंद्र चौहान निवासी परानपुर थाना निजामाबाद का भाई धर्मेंद्र कोलहापुर में पोकलैंड चलाता था। धर्मेंद्र ने गांव के ही राजेश यादव, रमेश यादव तथा कपिल कुमार निवासी मारूफपुर थाना निजामाबाद को एक लाख से अधिक रुपये उधार दिए थे। उधारी के कारण 4 अगस्त 2020 को कपिल कुमार, राजेश यादव तथा रमेश यादव शराब पिलाने के बहाने उसे घर से ले

गाजीपुर के मुरादबख गांव में गुरुवार को मृतक पान विक्रेता की पत्नी को सहायता राशि का चेक सौंपते एमएलसी विशाल सिंह चंचल और एसडीएम ज्योति चौरसिया।

पान विक्रेता की पत्नी को सौंपा दो लाख का चेक

गाजीपुर। बिजली बिल से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले मुरादबख गांव निवासी पान विक्रेता सुरेंद्र कश्यप के परिजनों से गुरुवार को एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एमएलसी और एसडीएम सैदपुर ज्योति चौरसिया ने पीड़ित परिवार को शासन की ओर से दो लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा।

बाइक के धक्के से युवक की मौत, दो गंभीर

चेतगंज (मिर्जापुर)। अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो अन्य दो लोग घायल हो गए। चील्ह थाना क्षेत्र के तिलठी गांव निवासी 22 वर्षीय गोकुल अपने रिश्तेदार भदोही के महजूदा गांव निवासी 30 वर्षीय रोहित के साथ बाइक से गुरुवार की रात साढ़े नौ बजे चील्ह गोपीगंज मार्ग से गोपीगंज से अपने घर तिलठी लौट रहे थे।

स्कार्पियो-ट्रैक्टर की टक्कर में युवक की मौत

लालगंज/लहंगपुर (आजमगढ़)। थाना क्षेत्र के रोमरा प्रताप गांव के पास गुरुवार की शाम स्कार्पियो की टक्कर से अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक युवक की मौत हो वही दूसरा घायल हो गया। वहीं जीरदार टक्कर से स्कार्पियो सवार भी जख्मी है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

डॉ. पलक खेमका ने पदभार किया ग्रहण

वाराणसी। पांडेयपुर स्थित मानसिक अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में डॉ. पलक खेमका ने पदभार ग्रहण किया। गुरुवार को वरिष्ठ रेजिडेंट के रूप में उन्होंने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने इंग्लांड से एमएमबीबीएस तथा विशाखापत्तनम से एमडी (मनोचिकित्सा) की डिग्री प्राप्त की है। अस्पताल के निदेशक डॉ. सीपी मल्ल ने कहा कि डॉ. खेमका की नियुक्ति से मरीजों की सेवा और आसान होगी।

गैंग बनाकर रील बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

सकलडीहा (चंदौली)। सोशल मीडिया पर अवैध रूप से गैंग बनाकर रील बनाने वालों की खिलाफ ऑपरेशन दबदबात चलाया जा रहा है। इस क्रम में सकलडीहा कोतवाली पुलिस ने मारपीट गाली गलौज और धमकी देने के आरोप में गुरुवार को एक युवक अमन सिंह बुन्देला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई से गैंग बनाकर स्टंटबाजी करने वालों में हड़कंप मचा है।

सपा में सांसदों की टूट तय : राजभर

- सपा पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद का आरोप
- सपा के ब्राह्मण सम्मेल पर उठाए सवाल

अतरौलिया (आजमगढ़), हिन्दुस्तान संवाद। अतरौलिया (आजमगढ़), हिन्दुस्तान संवाद। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की तरह अब समाजवादी पार्टी में भी टूट तय है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अपमान की राजनीति करने का आरोप लगाया।

गुरुवार को अतरौलिया स्थित निरीक्षण भवन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में राजभर ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज को समझाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सपा नेता रामगोपाल यादव के लिखे गए पत्र के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में बेचैनी बढ़ गई है। खनन घोटाले और गोमती रिवर फ्रंट जैसे मामलों में केंद्रीय एजेंसियों की जांच का डर सपा नेताओं को परेशान कर रहा है। ऐसे में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की ओर से सपा के कई सांसदों के भाजपा के संपर्क में होने संबंधी बयान को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। राम मंदिर निर्माण में चंदे के कथित घोटाले को लेकर सपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि जांच में जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, उनमें समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों की भूमिका चर्चा में है। उन्होंने कहा कि अपराध और राजनीति का गठजोड़ सपा शासन की पहचान रहा है।

आमने-सामने

दम है तो चुनाव लड़ देख लें ओपी : सनातन

- जान देने वाले होते हैं 'बागी बलिया' के लोग
- मातृभूमि के लिए के लिए अंत तक लड़ते हैं

बलिया, वरिष्ठ संवाददाता। मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सपा में टूट की भविष्यवाणी करके यूपी की सियासत गरमा दी है। राजभर ने 'एक्स' पर लिखा है कि 'कल से सब पूछ रहे हैं कि क्या सही में सपा में टूट होने जा रही है। तो सुनो! सपा के बागी सांसदों के गुट का नेतृत्व उत्तर प्रदेश की 'बागी भूमि' का एक लाल करेगा।'

राजभर ने किसी का सीधे तौर पर नाम तो नहीं लिया है, लेकिन यूपी में बागी भूमि बलिया को कहा जाता है। बलिया से सपा के सांसद भी सपा के ही सनातन पाण्डेय हैं। राजभर की पोस्ट में भी इशारा सनातन पाण्डेय की ओर ही है। सुभासपा नेता ने लिखा है कि कल जिस तरह सपा कार्यालय में सम्मेलन के नाम पर ब्राह्मणों को तिरस्कृत किया गया, उससे बागी बलिया का लाल बहुत आहत है। योजना पहले से थी, लेकिन कल की घटना ने आग में घी डालने का काम कर दिया है। ओमप्रकाश राजभर के इस ट्वीट पर बलिया से सपा के सांसद सनातन पाण्डेय ने तगड़ा पलटवार किया है। दिल्ली से टेलीफोन पर बातचीत में सांसद ने कहा कि बागी बलिया के लोग अपनी मातृभूमि के लिए कुर्बानी देने से भी पीछे नहीं हटते। लोकतंत्र को बचाने और सांप्रदायिक शक्तियों से लड़ने के लिए हमारी जान भी चली जाए तो परवाह नहीं। समाजवादी पार्टी की चिंता छोड़कर ओमप्रकाश राजभर को पहले अपने बारे में सोचना चाहिए। वे समाजवादी पार्टी की ताकत और वोट के बूते विधायक और मंत्री बने हैं। उनमें दम है तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ लें, उन्हें अपनी ताकत का अंदाजा हो जाएगा।

खीरीगढ़ जंगल में भालू के हमले में युवक ने तोड़ा दम

चंदौली की घटना

नौगढ़ (चंदौली), हिन्दुस्तान संवाद। नौगढ़ क्षेत्र के खीरीगढ़ के जंगल में बुधवार को जलावनी लकड़ी लेने गए युवक को भालू ने मार डाला। गुरुवार को युवक का शव जंगल से बरामद हुआ। युवक के शरीर पर भालू के हमले के निशान मिले हैं।

विशेषपुरा गांव निवासी 26 वर्षीय राजू वनवासी बुधवार को नौगढ़ के जयमोहनी रेंज अंतर्गत खीरीगढ़ जंगल में लकड़ी लेने गया था। वह देर रात तक घर नहीं लौटा। गुरुवार को जंगल में गए चरवाहों ने युवक का क्षत-विक्षत शव देख पुलिस को सूचना दी। भालू ने युवक के शरीर के कई हिस्सों को नोच डाला था। मृतक का भाई खिचड़ू वनवासी ने नौगढ़ थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि जंगली भालू के हमला से राजू की मौत हो गई है। उपनिरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि तहरीर पर गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी जयमोहनी अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप है कि युवक को मौत भालू के काटने से हुई है। हालांकि किसी ने भालू को हमला करते हुए नहीं देखा है।

सर्राफा की दुकान में बीआईएस का छापा

जौनपुर। शहरगंज में एक सर्राफा की दुकान पर बुधवार को बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) की टीम ने छापेमारी की। विना एचयूआईडी हॉलमार्क बेचने के कारण में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान विना हॉलमार्क के 320 ग्राम स्वर्ण आभूषण जब्त किया गया।

बीआईएस की लखनऊ शाखा को सूचना मिली कि शाहगंज के घास्मंडी स्थित सेठ जवाहर लाल ज्वेलर्स पर मानक के विपरीत स्वर्ण आभूषण की बिक्री की जा रही है। सूचना पर टीम ने छापेमारी की तो विना हॉलमार्क के बेचे जा रहे स्वर्ण जेवरों की बरामदगी हुई।

पत्रकारिता समाज का आईना: दयालु

वाराणसी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है। उन्होंने गुरुवार को पराड़कर भवन में निधि से सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने मालवीय मार्केट व्यवसायी समिति के अभिषेक केशरी, विनय अरोड़ा, गुरमीत सिंह बग्गा को सम्मानित किया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष हरुण मिश्र, महामंत्री जितेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष डॉ. अत्रि भारद्वाज, पूर्व महामंत्री अखिलेश मिश्र रहे।

कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, वाराणसी।
प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या 112/2022/2441/26-3-2022-1514/2018 दिनांक 18.10.2022 द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना जनपद में संचालित है। उक्त शासनादेश में योजना संचालन हेतु दिशा निर्देश एवं गाइड लाइन निर्गत किया गया है। उपरोक्त के क्रम में जनपद में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र/छात्राओं हेतु यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0, नीट, जे0ई0ई0 एवं एक दिवसीय परीक्षा की कक्षायें वित्तीय वर्ष 2026-27 में 01 जुलाई से संचालित किया जाना प्रस्तावित है। पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन कार्य हेतु अतिथि प्रवक्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

क्रं0 सं0	कोर्स का नाम	कोर्स को पढ़ाने हेतु योग्यता	विषय
1.	UPSC/ UPPSC	विश्वविद्यालय राजकीय डिग्री कॉलेजों के सम्बन्धित विषय के शिक्षक अथवा आई0ए0एस0 मुख्य परीक्षा अथवा पी0सी0एस0 (साक्षात्कार) अथवा दो बार पी0सी0एस0 मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को विषय विशेषज्ञ के रूप में सूचीबद्ध किया जायेगा।	1. इतिहास-प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास, आधुनिक इतिहास, विश्व इतिहास 2. आर्ट एण्ड कल्चर 3. भूगोल (भारत व विश्व) 4. भारतीय राज्य व्यवस्था 5. अर्थशास्त्र 6. अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध 7. आंतरिक सुरक्षा 8. नैतिक शास्त्र 9. वर्णरत्न एवं आपदा प्रबन्धन 10. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी 11. सीसैट 12. उत्तर प्रदेश विशेष तथ्य 13. समसामयिकी
2.	NEET/ JEE	नीट के लिए सम्बन्धित विषय में M.Sc (प्रथम श्रेणी) अथवा MBBS/BAMS/ BDS डिग्री वाले जे0ई0ई0 के लिए M.Tech/M.Sc (प्रथम श्रेणी) अभ्यर्थियों को विशेष चयन समिति की अनुशंसा से सूचिबद्ध किया जायेगा।	1. नैतिक विज्ञान 2. रसायन विज्ञान 3. जीव विज्ञान 4. गणित
3.	ONE DAY EXAM	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री अनिवार्य एवं किसी प्रतिष्ठित कोचिंग में 03 साल अध्यापन का अनुभव प्रमाण पत्र।	1. सामान्य हिन्दी 2. सामान्य अंग्रेजी 3. सामान्य ज्ञान 4. गणित/तर्कशक्ति (Reasoning)

योजनान्तर्गत यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0, जे0ई0ई0, नीट एवं एक दिवसीय परीक्षा की कोचिंग हेतु योग्य अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवायें चयन समिति की अनुशंसा से प्रदीक्षण व्याख्यान (ट्रायल लेक्चर) के उपरान्त जिला चयन समिति द्वारा सूचिबद्ध किया जायेगा। व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान रू0 2000.00 मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। एक अतिथि प्रवक्ता को प्रतिमाह अधिकतम 30 व्याख्यान तक अनुमन्य होगें। उपरोक्त प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक विषय विशेषज्ञ अपना आवेदन पत्र/सी0वी0, अनुभव प्रमाण पत्र एवं सुसंगत शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 25.06.2026 तक अभ्युदय केन्द्र महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी अथवा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, वाराणसी (विकास भवन) में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। साथ ही उपरोक्त विषयक जानकरी हेतु 8090998921 एवं 8601096875 पर सम्पर्क करें।

(गिरीश चन्द दूबे)
जिला समाज कल्याण अधिकारी, वाराणसी

punjab national bank ... name you can BANK upon!
पंजाब नैशनल बैंक ... भरोसे का प्रतीक

एआरएमबी वाराणसी– एस 20/56– डी कोनेडी रोड, द माल, कैण्ट, वाराणसी – 221002 (उ0प्र0)। ई–मेल: cs8331@pnb.bank.in
वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के तहत सर्वसाधारण को ई–नीलामी की सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं / या 9 (1) के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी चार्ज की गई है, जिसका उचानालक/गांतिक/प्रतीकालक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित विवरण **"जहां है जैसे है" और "जो है जैसा है"** और **"जो कुछ भी वहाँ है"** पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से बैंक / सुरक्षित ऋणदाता को देय। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी।

अचल सम्पत्ति एवं सुरक्षित प्रतिभूतियों का विवरण

क्र0 सं0	उधारकर्ता का खाता / शाखा का नाम	सम्पत्ति का विवरण	बकाया राशि दिनांक 31.05.2026 तक	आरक्षित मूल्य	निलामी हेतु दिनांक एवं समय	पूर्वावलोकन की तारीख
			(1) अचल परिसंपत्ति (2) बी0 दिनांक (3) 4) जी0 दिनांक	(1) अचल परिसंपत्ति (2) प्रतिभूति धरोहरी (3) अचिह्न धरोहरी पाना करने की अधिम तिथि		
1.	**ऋणी: 1) मेसर्स मिश्रा ब्रदर्स, प्रोपराइटर: श्री सुनील कुमार मिश्रा**, दुकान नंबर सी–82, नवीन सब्जी मंडी, पहाड़िया, वाराणसी, यूपी–221002 **ऋणी: 2) श्री सुनील कुमार मिश्रा पुत्र श्री मुलेश्वर प्रसाद** एसए 6/148 पी बी–5, गणपत नगर कॉलोनी अकथा, पहाड़िया सेक्टर, वाराणसी, यूपी–221002 **जमानतकर्ता: 1) श्री शंकर मिश्रा पुत्र भास्कर मिश्रा,** एसए 5/36 एस–11–एम रामपुरए, वाराणसा, वाराणसी, यूपी–221002 **जमानतकर्ता: 2) श्री गुलाब घर मिश्रा पुत्र श्री दिवाकर मिश्रा**, एए 4/68 दोलतपुर, भई बस्ती, पाण्डेयपुर, वाराणसी, यूपी–221002 **शाखा: एआरएमबी वाराणसी (83310)**	सामयिक संयंत्र की आयामीय भूमि आवासी नंबर 1, 2, 3, 360, 363, 364, 365 कुल 7, क्षेत्रफल 379.17 वर्ग मीटर यानी 4080.0 वर्ग फीट, गोंजा–करीदपुर, परगना–शिवपुर, जिला–वाराणसी में स्थित, बिलेख नंबर 2622 दिनांक 07.05.2014 के अनुसार है, सब–रजिस्ट्रार कार्यालय चतुर्वा–सदर वाराणसी में बुक नंबर–1, खण्ड 6330, पेज 221 से 256 पर फडीभूत है, (चारित: सुरेंद्रेश कुमार मिश्रा पुत्र मुलेश्वर प्रसाद मिश्रा), **चौहद